

सलामी बल्लेबाज प्रियांक पांचाल को चुना गया

रोहित के चोटिल होने के बाद टेस्ट टीम का उप कप्तान घोषित नहीं किया गया है। रोहित को खराब फॉर्म में चल रहे अजिंक्य रहाणे की जगह उप कप्तान नियुक्त किया गया था। वनडे के नवनियुक्त कप्तान रोहित शर्मा मुंबई में अभ्यास सत्र के दौरान चोटिल हो गए थे जिसके कारण उन्हें दौरे से हटना पड़ा। उनकी जगह गुजरात के सलामी बल्लेबाज प्रियांक पांचाल को चुना गया।

## विवादों को भूल जाओ विराट, साउथ अफ्रीका में रचना है इतिहास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जोहानिसबर्ग। कप्तान विराट कोहली की अगुआई में भारतीय क्रिकेट टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ 26 दिसंबर से शुरू होने वाली तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए गुरुवार को पहुंच गई। कोहली की अगुआई वाली टीम इस दौरे के लिए मुंबई से रवाना हुई। इस दौरे के आखिर में जनवरी में तीन वनडे मैचों की सीरीज भी खेली जाएगी। कोविड–19 के नए स्वरूप ओमिक्रॉन के खतरे को देखते हुए इस दौरे में होने वाले टी–20 मैचों को अभी स्थगित कर दिया गया था। दोनों टीम पूरी सीरीज के दौरान बायो बबल में रहेंगी। टीम इंडिया को यहां सिर्फ एक दिन के आइसोलेशन में रहना होगा। टीम इंडिया ने इससे पहले सात बार साउथ अफ्रीका का दौरा किया है, लेकिन एक बार भी उसे मेजबान के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीतने में कामयाबी नहीं मिली है। भारतीय कप्तान विराट कोहली 29 साल के इस इंतजार को इस बार खत्म करके साउथ अफ्रीका के आठवें दौरे को यादगार बना चाहेंगे। टेस्ट सीरीज का पहला मैच सेंचुरियन में खेला जाएगा जबकि अन्य दो टेस्ट जोहानिसबर्ग और केपटाउन में होंगे।

# रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा पहुंचा एनसीए

क्रिकेट

## वीवीएस लक्ष्मण की निगरानी में हासिल करेंगे फिटनेस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत की सीमित ओवरों की क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और स्टार आलराउंडर रवींद्र जडेजा बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) पहुंच गए हैं। रोहित और जडेजा चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी तीन मैचों की टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। ऐसे में वनडे सीरीज पहले ये दोनों खिलाड़ी अपनी वापसी के लिए एनसीए में फिटनेस हासिल करना चाहेंगे। इस समय एनसीए प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण हैं।

25 सदस्यीय भारतीय अंडर–19 टीम 23 दिसंबर से यूएई में खेले जाने वाले आगामी एसीसी अंडर–19 एशिया कप से पहले एनसीए में तैयारी कर रही है। अंडर–19 के खिलाड़ियों का प्रैक्टिस कैंप एनसीए में लगा है। दिल्ली के यश ढुल भी शिविर का हिस्सा हैं, जो न19 एशिया कप में भारत की टीम का नेतृत्व करेंगे। यश ढुल ने रोहित और जडेजा के साथ तस्वीरें शेयर की हैं। रोहित शर्मा को हैमस्ट्रिंग इंजरी है, जबकि जडेजा के हाथ में चोट लगी थी। प्रोटियाज के खिलाफ टेस्ट में दोनों खिलाड़ियों की अनुपस्थिति का मतलब है कि भारत को ओपनिंग स्लाट पर और साथ ही निचले क्रम की बल्लेबाजी और पांच गेंदबाजों के संयोजन में दिक्कत होगी। रोहित को 8 दिसंबर को चयनकर्ताओं ने वनडे और टी20 इंटरनेशनल टीम का नियमित कप्तान घोषित किया था, जबकि उनको टेस्ट टीम की उपकप्तानी भी मिली थी, लेकिन वे मुंबई में ट्रेनिंग सेशन के दौरान लगी चोट के चलते साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए।



26 दिसंबर से शुरू हो रही तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका पहुंची टेस्ट टीम में रोहित शर्मा की जगह प्रियांक पांचाल को शामिल किया गया है। दूसरी ओर कानपुर में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए पहले टेस्ट मैच के दौरान जडेजा के दाहिने हाथ में चोट लगी थी। स्कैन कराने के बाद पता चला कि उनके कंधे में सूजन है। आलराउंडर को आराम की सलाह दी गई और उन्हें दक्षिण अफ्रीका सीरीज से बाहर होना पड़ा। वे न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरा टेस्ट नहीं खेले थे।

## डे नाइट टेस्ट का महाबली निकला यह कंगारू बल्लेबाज, लगाई शतकों की झड़ी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन इस समय गजब के फॉर्म में हैं। लाबुशेन ने एशेज सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट करियर का छठा शतक जड़ अपने नाम बड़ी उपलब्धि दर्ज कर ली। एडीलेड ओवल में जारी पिंक बॉल टेस्ट के पहले दिन लाबुशेन को विकेटकीपर जोस बटलर ने दो जीवनदान दिए। पहली बार लाबुशेन का कैच बटलर ने 21 जबकि दूसरी बार 95 के निजी स्कोर पर ड्रॉप किया। इस कंगारु बल्लेबाज ने पारी के 94वें ओवर में शानदार शतक जड़ा। डे नाइट टेस्ट में लाबुशेन का यह तीसरा शतक है। इसके साथ लाबुशेन पिंक बॉल टेस्ट में तीन शतक जड़ने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। लाबुशेन ने इस दौरान पाकिस्तान के बल्लेबाज असद शफीक को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने डे नाइट टेस्ट मैच में 2 शतक लगाए थे। दिन का शुरुआती 40 मिनट काफी नाटकीय रहा जहां गेंद और बल्ले के बीच करीबी मुकाबला देखने को मिला। लाबुशेन पेसर जेम्स एंडरसन की गेंद को थर्ड मैन के पास बाउंड्री के पार भेज कर टेस्ट करियर का छठा और एशेज का पहला शतक पूरा किया। इसके कुछ देर बाद ही वह ओली रोबिनसन की गेंद पर कैच आउट हो गए लेकिन रिप्ले में दिखा नो बॉल की पुष्टि होने के बाद उन्हें जीवनदान मिल गया। वह हालांकि इसका फायदा उठाने में विफल रहे और अपनी पारी के 400वें मिनट में इसी गेंदबाज की गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हुए। लाबुशेन ने इस दौरान टेस्ट में 2000 रन पूरे किए। उन्होंने इस उपलब्धि को महज 34 पारी में पूरा किया। डॉन ब्रैडमैन (22), जॉर्ज हेडली (32), हर्बर्ट सटक्लिफ (33) और माइक हसी (33) ने ही इस से कम पारियों में इस कारनामे को किया है। लाबुशेन ने अब एडीलेड ओवल में लगातार तीन डे–नाइट टेस्ट में शतक बनाए हैं, उनका औसत लगभग 100 है।



## 2021 के बेस्ट 5 टेस्ट गेंदबाजों का पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने किया चयन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टीम इंडिया के पूर्व ओपनर बल्लेबाज व कमेंटेटर आकाश चोपड़ा ने साल 2021 के 5 बेस्ट टेस्ट गेंदबाजों का चयन किया। हैरानी की बात ये रही कि उन्होंने अपनी लिस्ट में जसप्रीत बुमराह व अक्षर पटेल जैसे गेंदबाजों को शामिल नहीं किया। हालांकि आकाश चोपड़ा ने आर अश्विन को अपनी लिस्ट में जगह दी और उनकी जमकर प्रशंसा भी की। अश्विन के प्रदर्शन को उन्होंने घरेलू परिस्थितियों में सनसनीखेज करार दिया। 35 साल के अश्विन ने इस साल अब तक कुल 52 विकेट टेस्ट में लिए हैं और सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में पहले नंबर पर हैं। आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि मेरी लिस्ट में अश्विन का नाम शामिल है जिन्होंने 8 मैचों में 52 टेस्ट विकेट लिए हैं जबकि उन्हें इस साल इंग्लैंड के खिलाफ एक भी टेस्ट मैच खेलने का मौका नहीं मिला था। आकाश चोपड़ा ने अपनी लिस्ट में भारतीय तेज गेंदबाज मो. सिराज को रखा। सिराज ने आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में भारत के लिए काफी अच्छा प्रदर्शन किया था और टेस्ट सीरीज जीतने में बड़ी भूमिका निभाई थी।

## न्यूज डायरी



### लड़कों से लोहा ले रहीं शेफाली वर्मा, दिलेरी से कर रही शॉर्ट बॉल की प्रैक्टिस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** गुरुग्राम। शेफाली ने 15 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया तथा उन्होंने पिछले दो वर्षों में स्मृति मंधाना के साथ मिलकर महिला क्रिकेट की सबसे विस्फोटक सलामी जोड़ी बनाई है। इंटरनेशनल क्रिकेट में दो साल बिताने के बाद 17 वर्षीय शेफाली वर्मा इस बात से अच्छी तरह वाकिफ हो गई हैं कि उन्हें अपने खेल में लगातार सुधार करना होगा और अभी उनका ध्यान तेज गेंदबाजों की शॉर्ट पिच गेंदों के सामने अपना खेल बेहतर करने पर लगा हुआ है। शेफाली अबतक दो टेस्ट, छह वनडे और 28 टी–20 इंटरनेशनल मैच खेल चुकी हैं। वह तेजी से उठती गेंदों पर अपने खेल को बेहतर बनाने के लिए यहां अंडर–25 पुरुष खिलाड़ियों की 200 से 250 गेंदों का सामना कर रही है। इन गेंदबाजों की रफ्तार 125 से 130 किमी प्रति घंटा है। शेफाली ने पीटीआई से कहा, 'यह अच्छा अहसास है कि मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दो साल पूरे कर लिये हैं लेकिन अभी लंबा रास्ता तय करना है।

### पाकिस्तानी बल्लेबाज का रहा राज, बड़े–बड़े दिग्गज नहीं टिके सामने

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। साल 2021 पाकिस्तान के ओपनर बल्लेबाज मो. रिजवान के लिए बेहद खास साबित हुआ। उन्होंने इस साल क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में इंटरनेशनल लेवल पर दुनिया की हर टीम के खिलाफ रन बनाने में सफलता हासिल की और सबसे आगे नजर आए। मो. रिजवान का बल्ला इस प्रारूप में खूब चला और उन्हें रोकने में इस साल तो दुनिया के बड़े से बड़े गेंदबाज भी सफल नहीं हो पाए। रिजवान टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में अपने बेहतरीन खेल के दम पर कई मामलों में दुनिया के बड़े से बड़े दिग्गजों से काफी आगे नजर आए। टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन की बात करें तो साल 2021 में मो. रिजवान ने सबसे ज्यादा रन बनाने में सफलता हासिल की। इस साल उन्होंने 29 मैचों की 26 पारियों में 73.66 की शानदार औसत के साथ 1326 रन बनाए। इस साल उन्होंने एक शतक भी लगाया और नाबाद 104 रन की पारी खेली जो उनके टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट करियर की सबसे बड़ी पारी भी साबित हुई। इस साल रन बनाने के मामले में दूसरे नंबर पर पाकिस्तान के ही बाबर आजम रहे जिन्होंने 29 मैचों में 939 रन बनाए।

### आर अश्विन ने बताया कौन सा विकेटकीपर है स्पिन के खिलाफ बेस्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ भारतीय विकेटकीपरों को सामना करने वाली चुनौतियों के बारे में बताया और उन्होंने ये भी बताया कि स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ भारत का कौन सा विकेटकीपर उनके मुताबिक सर्वश्रेष्ठ है। भारत में अप्रत्याशित उछाल और टर्न एक विकेटकीपर के लिए सबसे कठिन कामों में से एक बनाता है। अश्विन ने भारत के तीन विकेटकीपरों के बारे में बात की। हालांकि, अश्विन के अनुसार, कुछ विकेटकीपरों ने स्पिनरों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया है। अश्विन ने कार्तिक और साहा के पास मौजूद शानदार कौशल को स्वीकार किया, लेकिन उन्होंने पूर्व कप्तान एमएस धोनी को ऐसे व्यक्ति के रूप में चुना, जो कठिन परिस्थितियों में रहते हुए अक्सर विकेटकीपिंग को आसान बना देते थे।

### ईशांत ने विराट कोहली को क्यों दी ये नसीहत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली के लिए दक्षिण अफ्रीका दौरा आसान नहीं रहने वाला है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर शुक्रवार को एक वीडियो अपलोड किया जिसमें कोहली तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा के मजे लेते हुए नजर आ रहे हैं। इस दौरान कोहली खड़े होकर ईशांत से कुछ कहते हैं, जिसके जवाब में टीम इंडिया का यह लंबू यह कहते हुए सुनाई देते हैं, सुबह–सुबह मत कर ये काम...।